मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-49
21/01/2021

# त्रिपुरा कैडर के वरिष्ठ आई0ए0एस0 अधिकारी श्री जीतेन्द्र कुमार सिन्हा के पिता के श्राद्धकर्म में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 21 जनवरी 2021 :– त्रिपुरा कैडर के वरिष्ठ आई0ए0एस0 अधिकारी एवं त्रिपुरा के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री जीतेन्द्र कुमार सिन्हा के पिता स्व0 ब्रह्मदेव सिन्हा के श्राद्धकर्म में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार शामिल हुये।

मुख्यमंत्री ने गोला रोड स्थित उनके आवास जाकर स्व0 ब्रह्मदेव सिन्हा जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने स्व0 ब्रह्मदेव सिन्हा जी के पुत्र श्री गजेन्द्र कुमार सिन्हा एवं श्री जीतेन्द्र कुमार सिन्हा सहित अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

इस अवसर पर विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******